भारत और नीदरलैंड में सहमति

▶ रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढाने आशय पत्रों आदान-प्रदान

नई दिल्ली, 18 दिसम्बर. भारत और नीदरलैंड ने रक्षा क्षेत्र में अपनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है.

दोनों देशों ने रक्षा प्रौद्योगिकी, रक्षा उद्योग और सैन्य सहयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से आशय पत्रों (एलओआई) का आदान-प्रदान किया. इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील मौजूद रहे. भारत और नीदरलैंड ने रक्षा क्षेत्र में साझेदारी और रक्षा प्रौद्योगिकी तथा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए गुरुवार को यहां आशय पत्रों का आदान-प्रदान किया.

वायुसेना भविष्य की चुनौतियों को झेलने को तैयार

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारतीय वायु सेना प्रौद्योगिकी में निपुण, अभियानों में फुर्तीली, रणनीतिक रूप से आत्मविश्वास से लबरेज और भविष्य की चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार एक आधुनिक फोर्स बन चुकी है. उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने देश की ताकत, सटीकता और कम समय में निर्णायक कार्रवाई करने की क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायु सेना को प्रौद्योगिकी में निपुण, अभियानों के लिए फुर्तीली और आत्मविश्वास से लबरेज भविष्य की सेना बताते हुए कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बलों ने देश की ताकत और अभियान क्षमता का बखूबी से प्रदर्शन किया. श्री सिंह ने गुरुवार को यहां वायु सेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कमांडरों से ऑपरेशन सिंदूर से सबक लेते हुए भविष्य की हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की लड़ाई सिर्फ हथियारों की लड़ाई नहीं है, यह विचारों, प्रौद्योगिकी और जल्द से जल्द स्थिति के अनुरूप ढलने क्षमता की लड़ाई है. उन्होंने देशवासियों को आश्वस्त किया कि सरकार सुरक्षा व्यवस्था को और मज़बूत करने के लिए प्रतिबद्ध है. रक्षा मंत्री ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आर्म्ड फोर्सेज़ ने भारत की हाई-इम्पैक्ट, कम समय की ऑपरेशनल क्षमता दिखाई.

ईडी ने जब्त की 3,436 करोड़ की अचल संपत्ति

▶ पीएसीएल घोटाला मामले में लुधियाना में कार्रवाई

नई दिल्ली, 18 दिसंबर(वार्ता) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएसीएल मामले और अन्य मामलों में चल रही जांच के सिलसिले में पंजाब के लुधियाना में स्थित 169 अचल संपत्तियों को जब्त किया है, जिनकी मौजूदा कीमत 3,436.56 करोड़ रुपये है. ईडी के सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी.

ईडी ने यह जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), बीएसएफसी, नई दिल्ली द्वारा पीएसएल लिमिटेड, पीजीएफ लिमिटेड, दिवंगत निर्मल सिंह भंगू और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860 की धारा

120-बी और 420 के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू की थी. यह मामला पीएसीएल द्वारा बड़े पैमाने पर चलाई गई धोखाधड़ी वाली सामूहिक निवेश योजनाओं से संबंधित है. इन योजनाओं के माध्यम से कंपनी और उसके सहयोगियों ने भोले-भाले निवेशकों से धोखे से लगभग 48,000 करोड़ रुपये जुटाए और उनका गबन किया.

ईडी की जांच में पता चला कि लाखों निवेशकों से जुटाई गई निधि का एक हिस्सा पीएसीएल के नाम पर इन 169 अचल संपत्तियों को खरीदने में इस्तेमाल किया गया था, जिनकी मौजूदा कीमत 3436.56 करोड़ रुपये है. उन्होंने बताया कि अब तक इस मामले में ईडी ने 5602 करोड़ रुपए (लगभग) की चल और अचल संपत्तियों को जब्त किया है, जिसमें पूरे भारत में स्थित घरेलू संपत्तियां और विदेशी संपत्तियां दोनों शामिल हैं. इस मामले में अब तक एक अभियोजन शिकायत और दो पूरक अभियोजन शिकायतें दायर की गयी हैं. अग्रिम जांच जारी है.

लाल किला केस में नौवां आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली. राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए कार विस्फोट मामले में एक और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है. इस विस्फोट में 11 लोगों की मौत हुयी थी और कई अन्य घायल हुए थे. इस मामले में गिरफ्तार होने वाला नौवां व्यक्ति यासिर अहमद डार है जो जम्मू कश्मीर के श्रीनगर के शोपियां का निवासी है. उसे केंद्रीय एजेंसी ने नयी दिल्ली से गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम तथा भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया है. एनआईए की जांच से राष्ट्रीय राजधानी को दहला देने वाले इस कार बम विस्फोट के पीछे की साजिश में डार की सक्रिय भूमिका का खुलासा हुआ है.

पद्मभूषण मूर्तिकार सुतार पंचतत्व में विलीन

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के निर्माता को प्रधानमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, 18 दिसंबर. भारत और विश्व के प्रसिद्ध मूर्तिकार, पद्मभूषण राम सुतार का निधन हो गया है. नोएडा में देर रात 90 वर्ष की आयु में निधन हुआ. गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार विधि विधान से किया.

उनके असामयिक निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, गृहमंत्री अमित शाह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गहरा शोक व्यक्त किया. प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार का बुधवार देर रात निधन हो गया. वह 100 वर्ष के थे. सुतार के पुत्र अनिल सुतार ने अपने पिता के निधन की जानकारी दी. राम सुतार ने देर रात अपने नोएडा स्थित

आवास पर अंतिम सांस ली. वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राम सुतार एक उत्कृष्ट मूर्तिकार थे, जिनकी कला ने भारत को केवडिया स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी सहित कई प्रतिष्ठित स्मारक दिए. उनके कार्यों को हमेशा भारत के इतिहास, संस्कृति और सामूहिक भावना की शक्तिशाली अभिव्यक्ति के रूप में सराहा जाएगा. मोदी ने कहा कि उनकी कृतियां आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रीय गौरव को अमर करती रहेंगी.

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि राम सुतार ने भारत और मनोहारी मूर्तियों का निर्माण कर कला और वास्तु जगत में अमूल्य योगदान दिया. गृहमंत्री अमित शाह ने उन्हें भारतीय संस्कृति और विरासत को युवा पीढ़ी के बीच जीवित रखने वाला महान मूर्तिकार बताया. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिवार और सहयोगियों के प्रति संवेदना व्यक्त की. राम सुतार की कलात्मक यात्रा ने अजंता-एलोरा की मूर्तियों के संरक्षण, आधुनिक स्मारकों और राष्ट्रीय प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट्स में महत्वपूर्ण योगदान दिया. उनके निधन से कला जगत को अपूरणीय क्षति पहुंची है.

दुबई से भारत तक फैला मादक आतंकवाद मॉड्यूल बेनकाब

नई दिल्ली, 18 दिसंबर. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दुबई में रह रहे अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्कर जसमीत सिंह हकीमजादा के खिलाफ दायर आरोप पत्र में एक कथित मादक आतंकवाद नेटवर्क का खुलासा किया है.

हेरोइन की तस्करी और उससे होने वाली कमाई को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) को वित्त पोषित करने के लिए इस्तेमाल कर रहा था. यह आरोपपत्र राष्ट्रीय राजधानी की राउज एवेन्यू अदालत में दायर किया गया. आरोपपत्र में मादक पदार्थ हेरोइन की बिक्री से होने वाला मुनाफा आतंकवादी गतिविधियों के लिए फंड जुटाकर केएलएफ के मकसद को पूरा करने के लिए था. आरोपी ने केएलएफ की आतंकवादी गतिविधियों को फाइनेंस करने के लिए एक मादक आतंकवाद मॉड्यूल चलाने की आपराधिक साजिश रची थी. जांच के दौरान पता चला कि जसमीत सिंह हकीमजादा अपने माता-पिता और भारत और यूएई में कई संबंधित कंपनियों के साथ, फरवरी 2019 में फॉरेन नारकोटिक्स किंगपिन डेजिग्नेशन एक्ट के तहत अमेरिकी ऑफिस ऑफ फॉरेन एसेट्स कंट्रोल (ओएफएसी) की विशेष रुप से नामित लोगों की सूची में शामिल किए गए थे.

घने कोहरे से उड़ानें हो रही प्रभावित

▶ दिल्ली-पटना समेत कई शहरों में नहीं उड़ी फ्लाइट

नई दिल्ली, 18 दिसंबर. घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण दिल्ली, चंडीगढ़, पटना और उत्तर व पूर्वी भारत के अन्य हवाई अड्डों पर उड़ान संचालन प्रभावित होने के बीच कई एयरलाइनों ने यात्रियों के लिए परामर्श जारी किया है.

एयर इंडिया ने चेताया है कि अगले कुछ दिनों में घना कोहरा दिल्ली और कई अन्य हवाई अड्डों पर परिचालन सेवा को प्रभावित कर सकता है, जिसका संभावित प्रभाव इसके पूरे नेटवर्क पर पड़ सकता है. एयरलाइन ने कहा, आपकी यात्रा की बेहतर योजना में मदद करने के लिए, विशेष रूप से त्यौहारों के

सीजन दौरान, हमारा अनुरोध है कि आप एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले अपनी फ्लाइट स्टेटस को अच्छी तरह से देख लें. आपकी सुविधा के लिए एयर इंडिया ने कोहरे से संबंधित व्यवधानों को कम करने के लिए कई सक्रिय कदम उठाए हैं. हालांकि, यदि घने कोहरे के कारण अचानक उड़ानें रद्द होती हैं या अधिक देरी होती है, तो हमारे ग्राउंड स्टाफ के सहयोगी आपकी सहायता के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे और वैकल्पिक व्यवस्थाएं करेंगे.

एयरलाइन के फॉगकेयर पहल के तहत, प्रभावित होने वाली उड़ानों के यात्रियों को पहले से सूचना मिलेगी और वे बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उडान बदल सकते हैं या फिर बिना किसी जुर्माने के पूरा किराया मांग सकते हैं. इंडिगो ने कहा, उत्तर और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में कोहरे का पूर्वानुमान जताया है. शुरुआती घंटों के दौरान उड़ान परिचालन की गति धीमी हो सकती है. सुरक्षा के मद्देनजर, कुछ उड़ानों में देरी भी हो सकती है या बदलाव हो सकते हैं. हवाई अड्डों पर टीमें पूरी तरह तैयार हैं. इंडिगो ने आगाह किया कि कोहरे वाली स्थिति सड़क यातायात को भी प्रभावित कर सकती है.

मनरेगा समाप्ति बिल का कांग्रेस ने किया विरोध

▶ खरगे-प्रियंका ने विधेयक को गरीब विरोधी बताया

▶ विपक्ष ने मनरेगा बचाने संसद में किया प्रदर्शन

नई दिल्ली, 18 दिसंबर. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (संशोधन) विधेयक 2025 गरीब विरोधी है और यह सरकार की मनरेगा को खत्म करने की रणनीति है जिसका सख्त विरोध किया जाएगा.

प्रियंका वाड्रा ने लोकसभा में वीबी-जी-राम-जी (संशोधन) विधेयक 2025 के पारित होने के बाद संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि यह बिल गरीबों के खिलाफ है. वह और उनकी पार्टी इस विधेयक का विरोध करेगी. इस विधेयक से आने वाले महीनों में मनरेगा खत्म हो जाएगा. जैसे ही इसका बोझ राज्यों पर पड़ेगा, यह योजना धीरे-धीरे खत्म हो जाएगी. उन्होंने कहा कि मनरेगा को खत्म करने वाले इस विधेयक का उनका गठबंधन पूरी तरह से विरोध करेगा. सभी विपक्षी दल इस मुद्दे पर सहमत हैं और एकसाथ हैं. प्रियंका वाड्रा ने इस विधेयक को मनरेगा खत्म करने की योजना बताते हुए कहा 100 दिन से 125 दिन की मजदूरी वाली बात सिर्फ एक चालाकी है. इस बिल से आने वाले समय में मनरेगा स्कीम खत्म हो जाएगी. जैसे ही बजट का बोझ राज्य सरकारों पर पड़ेगा, वैसे ही धीरे-धीरे मनरेगा बंद होने लगेगी. मनरेगा योजना देश के गरीब से गरीब लोगों के लिए रोजगार का सहारा थी.

विधेयक के खिलाफ प्रदर्शन और नारेबाजी की

इससे पहले कांग्रेस तथा विपक्षी दलों के नेताओं ने संसद भवन परिसर में इस विधेयक के खिलाफ प्रदर्शन और नारेबाजी करते हुए सरकार से इसे वापस लेने की मांग की. इस प्रदर्शन में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, डीएमके के टीआर बालू समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव, आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन सहित कई दलों के सांसद शामिल हुए. प्रदर्शन के बाद मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, यह मनरेगा का केवल नाम बदलने का मामला नहीं है, बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी रोज़गार योजना की योजनाबद्ध हत्या है. नये विधेयक के जरिए भाजपा सरकार उस अधिकार को छीन रही है जो कांग्रेस ने दिया था. यह काम के अधिकार को छीनने की कोशिश है. यह एक बड़ा मुद्दा है और पिछड़े वर्ग, दलित वर्ग के साथ गरीबों के अधिकारों पर हमला है. हम लोगों के अधिकार के लिए हर राज्य और जिले में लड़ेंगे. ये सिर्फ महात्मा गांधी जी के नाम की बात नहीं है, बल्कि सवाल अधिकारों का भी है.

चीन के बीजिंग में सीजन की पहली बर्फबारी

चीन के बीजिंग में सीजन की पहली बर्फबारी हुई है. इस बर्फबारी का स्टूडेंट्स मजा ले रहे हैं.

आज का इतिहास

1842 – अमेरिका ने हवाई प्रांत के रूप में मान्यता दी

1919 – भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध चरित्र अभिनेता ओम प्रकाश का जन्म।

1927 – महान् स्वतन्त्रता सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला ख़ां और रोशन सिंह को अंग्रेजों ने फाँसी दे दी।

1934 – भारत की पहली महिला राष्ट्रपति प्रतिभा पाटील का जन्म।

1941 – जर्मन तानाशाह एडोल्फ हिटलर ने सेना की पूरी कमान अपने हाथ में ले ली और जर्मन सेना का कमांडर इन चीफ बना।

एक नजर में

बिश्नोई के जेल में आने बाद तिहाड़ में सुरक्षा बढ़ी

नयी दिल्ली, 18 दिसंबर. अमेरिका से प्रत्यर्पित गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई के राष्ट्रीय राजधानी स्थित तिहाड़ जेल में आने के बाद जेल की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है और जेल अधिकारी हाई अलर्ट पर सभी गतिविधियों पर कड़ी नज़र रख रहे हैं. अनमोल बिश्नोई गुजरात की साबरमती जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का छोटा भाई है. तिहाड़ में उसकी मौजूदगी से गैंगवार की आशंका बढ़ गई है. जेल में इसके विरोधी पहले से ही बंद है. मुख्य विरोधी गैंगस्टरों में रोहित गोदारा, गोल्डी बराड़ गैंग और नीरज बवाना, बंबीहा, हिमांशु भाऊ, कौशल चौधरी और जग्गू भगवानपुरिया नेटवर्क से जुड़े अन्य लोग शामिल हैं. पिछली सुनवाई में अनमोल बिश्नोई ने दावा किया था कि उसकी जान को पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर शहजाद भट्टी से खतरा है.

विदेशी शिक्षक शैक्षिक भ्रमण के लिए पहुंचे काशी

वाराणसी, 18 दिसंबर. देश की सांस्कृतिक राजधानी के तौर पर विश्व विख्यात काशी में शैक्षिक भ्रमण के लिए 24 देशों के 40 विदेशी शिक्षकों का अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा है. काशी हिंदू विश्वविद्यालय के बाद यह दल बुधवार को संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में शैक्षिक भ्रमण के लिए पहुंचा. विश्वविद्यालय के श्रमण विद्या संकाय एवं ऑनलाइन संस्कृत प्रशिक्षण केंद्र में वैदिक मंत्रोच्चार तथा भस्म-तिलक के साथ श्रमण विद्या संकायाध्यक्ष तथा ऑनलाइन संस्कृत प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक प्रोफेसर रमेश प्रसाद ने कंबोडिया, श्रीलंका, म्यांमार, जांबिया, मोरक्को, कजाखस्तान, केन्या, उज्बेकिस्तान, रूस, घाना, स्वीडन, जिम्बाब्वे आदि 24 देशों के 40 विदेशी शिक्षकों का स्वागत-सत्कार किया.

गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

अजमेर, 18 दिसम्बर. राजस्थान में अजमेर जिले के किशनगढ़ के मदनगंज थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात जूते-चप्पल के गोदाम में आग लगने से लाखों रुपये का माल जलकर खाक हो गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर की आवासीय सिंधी कॉलोनी क्षेत्र स्थित जूते-चप्पल के गोदाम में अज्ञात कारणों से देर रात करीब दो बजे आग लग गई. आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप धारण कर लिया जिससे क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल बन गया. तीन मंजिला इस गोदाम के निचले भाग में लगी आग कुछ ही देर में तीसरी मंजिल तक पहुंच गई. आग के लपटें दूर से देखी गईं. सूत्रों ने बताया कि दमकल गाड़ियां और क्षेत्रवासियों के सहयोग से पानी के टैंकर मौके पर पहुंचे.

एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट के टायर फटे

नई दिल्ली. जेद्दा से कोझिकोड जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस उड़ान में अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिससे 160 यात्रियों की सांसें घंटों पर अटकी रही. इस कारण कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में लैंडिंग की. विमान की लैंडिंग से पहले आपात सेवाओं को अलर्ट कर दिया गया था. इस घटना में सभी यात्री सुरक्षित हैं. चालक दल को भी कोई चोट नहीं आई.

रिटायरमेंट से पहले तेजी से फैसले करना गलत

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा

नई दिल्ली, 18 दिसंबर. देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने रिटायरमेंट से ठीक पहले न्यायाधीशों द्वारा लगातार फैसले सुनाने की प्रवृत्ति को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है.

सुप्रीम कोर्ट में मध्य प्रदेश के एक प्रधान जिला न्यायाधीश की याचिका पर सुनवाई के दौरान सीजेआई ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण और खतरनाक चलन करार दिया. उन्होंने इसे क्रिकेट के अंतिम ओवर में छक्के पर छक्के मारने जैसा बताते हुए कहा कि न्यायपालिका में यह प्रवृत्ति बढ़ रही है. कोर्ट ने संकेत दिए कि गलत आदेशों पर अपील हो सकती है, लेकिन अगर

फैसलों में बेईमानी हो तो मामला गंभीर बन जाता है. देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत ने न्यायपालिका के भीतर पनप रहे एक संवेदनशील और चिंताजनक चलन पर खुलकर नाराजगी जताई है. सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान उन्होंने रिटायरमेंट से ठीक पहले न्यायाधीशों द्वारा लगातार और तेजी से फैसले सुनाने की प्रवृत्ति को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसे क्रिकेट के फाइनल ओवर में छक्के मारने से तुलना की. यह टिप्पणी उस समय आई जब मध्य प्रदेश के एक प्रधान जिला न्यायाधीश ने रिटायरमेंट से दस दिन पहले हुए अपने निलंबन को चुनौती दी. सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि सेवानिवृत्ति के करीब पहुंचते ही बड़ी संख्या में आदेश पारित करने की प्रवृत्ति न्यायिक प्रणाली के लिए खतरनाक संकेत है. उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल गलत न्यायिक आदेश के आधार पर किसी जज को निलंबित नहीं किया जा सकता, क्योंकि उसके खिलाफ अपील का प्रावधान मौजूद है. हालांकि, यदि आदेशों में बेईमानी या दुर्भावना की झलक मिले, तो अनुशासनात्मक कार्रवाई से इनकार नहीं किया जा सकता.

चुनावी जीत | अरविंद केजरीवाल बोले- ये कार्यकर्ताओं की जीत है

70 प्रतिशत सीटों पर आप की ऐतिहासिक जीत

चंडीगढ़. 18 दिसंबर पंजाब में जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनावों के नतीजों ने राज्य की सियासत में बड़ा संदेश दे दिया है.

ग्रामीण इलाकों में आम आदमी पार्टी (आप) ने ज़बरदस्त प्रदर्शन करते हुए लगभग 70 प्रतिशत सीटों पर जीत दर्ज की है. इन नतीजों को मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार के विकास कार्यों पर जनता की मुहर के रूप में देखा जा रहा है. पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस जीत को कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के भरोसे की

जीत बताया है. केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर ट्वीट कर इस सफलता पर खुशी जाहिर की. पंजाब में ज़िला परिषद और ब्लॉक समिति चुनावों के नतीजों ने साफ़ कर दिया है कि ग्रामीण पंजाब में आम आदमी पार्टी का दबदबा लगातार मज़बूत हो रहा है. चुनाव परिणामों में आप ने करीब 70 प्रतिशत सीटों पर जीत दर्ज कर विपक्ष को बड़ा झटका दिया है. इन नतीजों को मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में चल रही सरकार के विकास कार्यों और नीतियों पर जनता के भरोसे के रूप में देखा जा रहा है. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस ऐतिहासिक जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर ट्वीट किया. केजरीवाल ने कहा कि यह जीत पार्टी के जमीनी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और जनता के

उन्होंने कार्यकर्ताओं को इस सफलता का असली हकदार बताते हुए कहा गांव-गांव तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचा है. केजरीवाल ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री ओमान में हैं, नेता विपक्ष जर्मनी में, देश की राजधानी प्रदूषण से जूझ रही है, जबकि दूसरी ओर पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार जनता के बीच रहकर काम कर रही है. परिषद और पंचायत समिति चुनावों में मिली बम्पर जीत यह बताती है कि पंजाब के लोगआप सरकार के कामों से कितने संतुष्ट हैं.

महादेव सट्टा मामले में आरोपी असीमदास को कोर्ट से मिली जमानत

नई दिल्ली, 17 दिसंबर. उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को महादेव ऑनलाइन सट्टा मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए अभियुक्त असीम दास को नियमित जमानत दे दी है. असीम दास को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से जुड़े कथित 6.50 करोड़ रूपये की कैश रिकवरी मामले में गिरफ्तार किया गया था. न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने याचिकाकर्ता को जमानत देते हुए इस बात पर गौर किया कि वह दो साल से अधिक समय से हिरासत में है और मामले में अभी तक आरोप तय नहीं किए गए हैं.

श्रम कानूनों में बदलाव का उद्देश्य अनुपालन को सरल बनाना : मनमोहन

▶ डिकोडिंग द कोड ऑफ फोर कोड विषय पर कार्यक्रम

नई दिल्ली, 18 दिसंबर. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश मनमोहन ने कहा कि नई श्रम संहितायें श्रम बाजार में लचीलापन बढ़ाने और श्रमिकों का संरक्षण एवं संतुलन बनाने का प्रयास करती हैं.

न्यायमूर्ति मनमोहन ने यहां डिकोडिंग द कोड ऑफ फोर लेबर कोड विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि इन श्रम संहिताओं को लागू करने का उद्देश्य व्यापार में सुगमता को बढ़ावा देना है. कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधि मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव डॉ मनोज कुमार ने कहा कि जिस तरह यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी ने समय के साथ अपने श्रम अधिकारों को लेकर अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत किए, इसी तरह हर देश की अपनी अलग परिस्थितियां और चुनौतियां होती हैं. उन्होंने कहा, हमारे देश में श्रम संहिताओं में ये सुधार आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय और संवैधानिक शासन के संगम पर स्थित है. श्रम कानून केवल रोजगार सम्बन्धों को नियंत्रित करने वाले नियमों का समूह नहीं है, बल्कि ये राष्ट्र की नैतिक-आर्थिक संरचना है. कोई भी राष्ट्र तब तक विकसित नहीं हो सकता, जब तक उसका कार्यबल सुरक्षित, कुशल उत्पादक और संरक्षित न हो.

कांग्रेस ने बुलाई कार्य समिति की बैठक

नई दिल्ली. कांग्रेस आलाकमान ने 27 दिसंबर को यहां कार्यसमिति की बैठक बुलाई है, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा अन्य सदस्य शामिल होंगे. पार्टी सूत्रों के अनुसार मोदी सरकार की ओर से संसद में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी अधिनियम (मनरेगा) के स्थान पर विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन वीबी -जी राम-जी विधेयक लाए जाने और अधिनियम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटो जाने के मुद्दे पर कार्यसमिति में चर्चा की जाएगी.